# बीएचईएल ने वीसा पावर लिमिटेड से 2X600 मेगावाट थर्मल सेट की स्थापना हेतु 2,665 करोड़ रूपए का मेगा ऑर्डर प्राप्त किया

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने एक इंडिपेंडेंट पावर प्रोडयूसर (IPP) से छत्तीसगढ़ मे 1200 मेगावाट थर्मल पावर प्लांट (2X600 मेगावाट) की स्थापना हेतु एक और प्रतिष्ठित ऑर्डर प्राप्त किया है ।

2,665 करोड़ रूपये मुल्य का यह ऑर्डर बीएचईएल को छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले में स्थापित किये जाने वाले कोयला आधारति थर्मल पावर स्टेशन में मुख्य पावर प्लांट पैकेज की आपूर्ति हेतु वीसा पावर लिमिटेड (VPL) ने प्रदान किया है । वीपीएल, वीसा समूह का एक भाग है जो विविध व्यापार जैसे स्टील, विद्युत, खनन, अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार, नौ-परिवहन और संभार-तन्त्र में कार्यरत है ।

यह ऑर्डर एक बार फिर बीएचईएल की क्षमताओं में इंडिपेंडेंट पावर प्रोडयूसरों के विश्वास को दर्शाता है । यह ऑर्डर भारतीय कोयला और भारतीय दशाओं के अनुकूल अति आधुनिक उपस्करों की आपूर्ति कर थर्मल पावर परियोजनाओं के निष्पादन में बीएचईएल के नेतृत्व को सुदृढ करता है ।

उल्लेखनीय है कि बीएचईएल ने वित्तीय वर्ष 2009-10 में प्राइवेट पावर यूटिलिटिज से अब तक के सर्वाधिक ऑर्डर प्राप्त किये हैं । वर्ष के दौरान पावर प्लांट इक्विपमेंट के प्राप्त कुल 16,689 मेगावाट के ऑर्डरों में से अकेले इंडिपेंडेंट पावर प्रोडयूसरों से प्राप्त ऑर्डर 14,489 मेगावाट के थे जो बीएचईएल के पावर सेक्टर को प्राप्त कुल ऑर्डरों के 90% के निकट थे ।

इस ऑर्डर के तहत बीएचईएल, बायलरों, स्टीम टरबाइनों और टर्बो जेनरेटरों एवं अत्याधुनिक कन्ट्रोल्स एंड इन्सूट्रूमेंटेशन (C&I) व सहायक उपकरणों हेतु डिजाइन, इंजीनियरिंग, विनिर्माण, आपूर्ति, इरेक्शन परीक्षण एवं कमीशनिंग का कार्य करेगी ।

बीएचईएल ने 1000 मेगावाट तक के थर्मल सेटों के विनिर्माण की अति आधुनिक तकनीक को पूर्णतः अपने यहां स्थापित कर लिया है । ग्राहकों की मांग को पूरा करने के लिये कंपनी ने 250 मेगावाट और 500 मेगावाट के अलावा नई रेटिंग के 270 मेगावाट , 525 मेगावाट और 600 मेगावाट के थर्मल सेटों को बाजार में उतारा है । इस ऑर्डर के साथ बीएचईएल ने अभी तक 600 मेगावाट के 19 सेटों के ऑर्डर प्राप्त कर लिये हैं ।

बीएचईएल, देश के विद्युत विकास कार्यक्रम के प्रति प्रतिबद्ध है और देश की विद्युत मांग को पूरा करने के लिये खुद को तकनीक, सुविधाओं व प्रशिक्षित कर्मचारियों से सुसज्जित कर भारतीय विद्युत विकास क्षेत्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि करती है । कंपनी ने अपनी विनिर्माण

क्षमता को बढ़ा कर 15000 मेगावाट प्रति वर्ष तक स्थापित कर लिया और इसे बढ़ा कर 20,000 मेगावाट प्रति वर्ष करने का कार्य प्रगति पर है ।